मेट्रो-3 का 22 वां टनल भी पूरा

कालीना से सीएसएमआईटी तक भूमिगत मार्ग तैयार

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. कुलाबा से बांद्रा और बांद्रा से सीप्ज तक बनने वाली भूमिगत मेट्रो-3 का काम पूरी रफ्तार में चल रहा है. गुरुवार को टीबीएम गोदावरी 2 ने पैकेज 6 का मुंबई युनिवर्सिटी कालीना से सीएसएमआईटी 1 की डाऊन दिशा की 2.8 किमी का भूमिगत मार्ग 2048 रिंग की सहायता से पूरा कर लिया.

भूमिगत मार्ग निर्माण में 17 टीबीएम की सहायता

गोदावरी 2 , कृष्णा 2, वैतरणा 1, वैनगंगा-1, सूर्या 1 के बाद मेट्रो-3 रुट के भूमिगत मार्ग का काम पूरा करने वाली यह 6ठवीं टीबीएम है.मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की तरफ से किए जा रहे मेट्रो-3 मार्ग का कार्य तेज गति से चल रहा है. कुलाबा-बांद्रा, सीप्ज इस पूरे मार्ग की 56 किमी दूरी (अप और डाऊन) का कार्य टीबीएम मशीन की सहायता से किया जा रहा है. अब तक इस पूरे भूमिगत मार्ग का 33 किमी का काम पूरा किया जा चुका है. भूमिगत मार्ग के लिए 17 टीबीएम मशीनों की सहायता ली जा रही है. टीबीएम को जमीन के भीतर उतरने के लिए मुंबई के कफ परेड़, इरोस, आजाद मैदान, सायन म्युजियम, सिद्धिविनायक मंदिर, नया नगर, बीकेसी, मुंबई युनिवर्सिटी कालीना, पाली मैदान, सारीपुत नगर, सहार रोड और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट टी-2 पर शाफ्ट तैयार किया गया है. भूमिगत मार्ग की खुदाई करने के अलावा बेस स्लॅब,कॉर्नकोर्स स्लॅब, कॉलम और दीवार बनाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है.

■भूमिगत मार्ग के लिए एमएमआरसीएल को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है. पूरी तरह से भूमिगत मेट्रो-3 पर कुल 27 स्टेशन बनाए जा रहे हैं. कुलाबा बांद्रा सीप्ज मार्ग के आजाद मैदान से मुंबई सेंट्रल तक 3.8124 किमी भूमिगत मार्ग दो माह पहले ही पूरा हो गया था. डाऊन लाइन सुरंग बनाने वाली टीबीएम वैतरणा पहली मशीन थी. मात्र 20 महीने में वैतारणा-1 टनल बोरिंग मशीन ने यह महत्वपूर्ण कार्य पूरा किया है. मेट्रो -3 के काम को सात भागों में विभाजित किया गया है.

■सिद्धिविनायक से धारावी के बीच 11.02 किमी दूरी सबसे लंबी है. इसके 6.89 किमी भूमिगत काम पूरा हुआ है. इसी तरह कफ परेड से सीएसएमटी के इस पहले पैकेज के 5.89 किमी में से 3.21 किमी का काम पूरा हो चुका है. विधानभवन से चर्चगेट पर सुर्या 1 और कृष्णा 2 टीबीएम मशीन ने पैकेज 4 का 4 था चरण पूरा करते हुए नयानगर से धारावी स्टेशन तक 590 मी भूमिगत मार्ग 130 दिन में पूरा किया. भूमिगत मार्ग के लिए उपयोग किए जाने वाले सेगमेंट रिंग मुंबई के 6 कास्टिंग यार्ड में तैयार हो रही है.